पत्र सूचना शाखा,
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उत्तर प्रदेश

राज्यपाल ने स्वयं सहायता समूहों द्वारा निर्मित विभिन्न उत्पादों की प्रदर्शनी का अवलोकन किया

राज्यपाल ने कांच फैक्ट्री का निरीक्षण किया

स्वयं सेवी संस्थाएं कुपोषित एवं टी0बी0 ग्रस्त बच्चों को गोद लें – आनंदीबेन पटेल

लखनऊः 14 जनवरी, 2021

उत्तर प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने आज फिरोजाबाद का भ्रमण कर प्रगति इंडस्ट्रीज, इंडस्ट्रीयल स्टेट स्थित कांच की फैक्ट्री का निरीक्षण किया तथा कांच उद्योग से जुड़े उद्यमियों से कारोबार को बेहतर बनाने के लिए विचार–विमर्श किया।

राज्यपाल ने मकर संक्रांति के अवसर पर 'बेटी बचाओ–बेटी पढ़ाओ' को प्रोत्साहित करते हुए सुकन्या समृद्धि योजना के अन्तर्गत 500रू0 जमा कराकर खुलवाये गये बैंक खाता पासबुक, बालिका के नाम की नेम प्लेट, बेबी केयर किट आदि को बालिकाओं के माताओं को वितरित किया। राज्यपाल ने फिरोजाबाद में स्वयं सहायता समूहों द्वारा तैयार किये गये विभिन्न उत्पादों की प्रदर्शनी का अवलोकन किया तथा समूहों द्वारा तैयार किये गये विभिन्न सजावटी एवं कलात्मक उत्पादों की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि महिलाएं बहुत अच्छा कार्य कर रही हैं।

श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने इस अवसर पर वरिष्ठ अधिकारियों तथा जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक करते हुए कहा कि स्वयं सेवी संस्थाओं, साधन सम्पन्न लोगों को कुपोषित बच्चों तथा क्षय रोग से ग्रसित बच्चों को गोद लेकर उनकी सेवा करनी चाहिए। ये एक बहुत ही पुनीत कार्य है। कोरोना काल की चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि कि कोरोना काल में अनेक स्वयं सेवी संस्थाओं ने अपनी स्वेच्छा से बिना किसी भेदभाव के लोगों की मदद की। उन्होंने आह्वान किया कि ऐसी संस्थाएं आगे आएं और कुपोषित एवं टी0बी0 ग्रस्त बच्चों को गोद

लें और उनके लिए उचित चिकित्सा, फल एवं पौष्टिक आहार की व्यवस्था भी करें तथा निरोग एवं स्वस्थ बनाने में अपना अमूल्य योगदान दें।

कार्यक्रम में सांसद श्री चन्द्रसेन जादौन, विधायक श्री मुकेश वर्मा, वरिष्ठ अधिकारी, कर्मचारी तथा विभिन्न स्वयं सहायता समूह के प्रतिनिधि उपस्थिति थे।

राम मनोहर त्रिपाठी/राजभवन (123/20)